राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांक –आर०एम०पी०यू० / 429 / 2025 दिनांक 01 मार्च 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या

राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

विषयः दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई–1313 / 32–जी०एस०/2025 दिनांक 27 फरवरी 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अर्न्तगत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनके सम्बद्ध महाविद्यालय में कराने के निर्देश दिये गये है।

इस सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि उपरोक्त दोनो शपथ कार्यक्रम को अपने महाविद्यालय मे नियत दिनांक तथा समय पर आयोजित कराकर जियो टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड की वीडियो तथा कार्यक्रम की रिर्पोट व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियो की संख्या संलग्न प्रारूप पर (एक्सल सीट) पर दिनांक 07 मार्च 2025 को सांय 04.00 बजे तक ईमेल (registrar.rmpu@gmail.com) प्रेषित करना सुनिश्चित करें। **महाविद्यालय इस कार्यक्रम को प्राथमिकता से करायें**

01/03/25

(वी०के०सिंह)

कुलसचिव

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. प्रो० नीता वार्ष्णेय, कार्यक्रम संयोजक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़।
2. निजी सचिव, मा० कुलपति जी, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

01/03/25

कुलसचिव

OK

ई-मेल द्वारा

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

लखनऊ-226027

संख्या ई- 1313/32-जी0एस0/2025

दिनांक 28 फरवरी, 2025

प्रेषक

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का सदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमे माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12.15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों मे एक साथ आयोजित किय जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा" दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे से** विश्वविद्यालयो एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों तथा गोद लिये गावो में एक साथ आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियो का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।

3. इस सम्बन्ध में **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त दोनो शपथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/2/25

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

संलग्नकः यथोक्त।

दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

****

नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/02/25

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:-registrar.rmpu@gmail.com

प्रारुपः—

दहेज मुक्त भारत प्रतिज्ञा एवं नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा

राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़			
महाविद्यालय का नाम	शपथ लेने वाले प्रतिभागियों (छात्र / छात्राओं) की संख्या	शपथ लेने वाले अन्य प्रतिभागी (शिक्षकगण / कर्मचारी) की संख्या	कुल संख्या